an>

Title: Regarding need to improve BSNL mobile service in Garhwal Parliamentary Constituency, Uttarakhand.

मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चन्द्र खंडूड़ी ए.वी.एस.एम.(गढ़वाल): मेरा संसदीय क्षेत्र गढ़वाल पर्वतीय क्षेत्र है। यहाँ दूरसंचार की सुविधाएं अभी तक मात्र नगरों तक ही सीमित हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार सुविधाएं अभी तक उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं जिसका मुख्य कारण टेलीफोन टावरों का उपलब्ध नहीं होना अथवा पहुँच से बाहर होना है। भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा वांछित स्थानों पर संचार टावर अभी तक मांग के अनुरूप स्थापित नहीं किए गए हैं और न ही निजी कंपनियों द्वारा इन क्षेत्रों में टावर स्थापित किये जा रहे हैं जिससे आज के तकनीकी युग में भी जनता को वह सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं जिस प्रकार की सुविधाएं देश के अन्य भागों में सरकार जनता को उपलब्ध करवा रही है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के पर्वतीय क्षेत्रों (जनपद- पौड़ी गढ़वाल, चमोली, रूद्रप्रयाग व टिहरी) में तुरन्त विभाग द्वारा सर्वे कराया जाए और आवश्यकता के अनुरूप टेलीफोन टावर लगाने के स्थानों का चयन कर टावर शीघ्र लगवाएं जाएं तथा जनता को आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने हेतु तत्काल कदम उठाएं जाएं।